## एक नजर में



### घट्टिया से तक्षकेश्वर महादेव तक कलश यात्रा आज

**घट्टिया।** नाग पंचमी पर मंगलवार को तक्षक नाग देवता के स्थान महादेव मंदिर लसूडिया देवसी तक कलश यात्रा घट्टिया स्थित श्री राम मंदिर से सुबह निकलकर तक्षकेश्वर नाग देवता स्थान पर जाएगी जहा नाग देवता का अभिषेक पूजन का जल अर्पण करेंगे। डीजे की धुन पर भजनों पर झूमते गाते महिला पुरुषों की कलश यात्रा घोंसला होते हुए हुए लसूडिया पहुंचेगी।

### कॉलेज में पाठ्यक्रम का शुभारंभ



**घट्टिया।** श्री आरएएम कालेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन घट्टिया द्वारा बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एण्ड स्पोर्ट्स पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे जिले भर से 16 टीमो ने सहभागिता की जिसमें प्रथम स्थान झलारिया द्वितीय स्थान कनार्दी तृतीय स्थान खेडा माधव चतुर्थ स्थान उज्जैन कार्पोरेशन रही। महाविद्यालय डायरेक्टर चौहान द्वारा सभी प्रतिभागी टीमो को किट एवं विजेता टीमो को शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच यशवंत मालवीय द्वारा खिलाड़ियों को नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत नशे से दूर रहने की शपत दिलवाई गई। विशेष अतिथि आशीष चौहान थे। डायरेक्टर भावना चौहान द्वारा नवीन पाठ्यक्रम बताया कि पाठ्यक्रम फिजिकल ग्रेजुएशन करने वाले स्टूडेंट्स के लिए खेल के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। साथ ही साथ यह भी बताया कि पुलिस भर्ती, रेलवे भर्ती इत्यादि में इन विद्यार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जा सकेगी। इस पाठ्यक्रम में ग्रेजुएशन करने के लिए उज्जैन क्षेत्र के विद्यार्थियों को बाहर जाना पड़ता था। अब यह सुविधा इस कॉलेज में ही उपलब्ध होगी। निर्णायक के रूप में सुरेश मालवीय, तूफान सिंह, हेमंत कन्नौजिया, नीलेश प्रजापत उपस्थित रहे। संचालन खेल समन्वयक बलवीर सिंह पंवार ने एवं आभार शारीरिक शिक्षक मुकेश जाटव ने माना।

### छः छात्राओं को साइकिल वितरित की



**घट्टिया।** एकीकृत शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय जगोटी में अध्ययन रत क्षेत्र के गांवों से आने वाली छः छात्राओं को सोमवार को पंचायत भवन परिसर में सरपंच राहुल मुकाती के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सायकिल वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था प्रभारी रूपा चूड़ासमा, पंचायत सचिव पप्पू शर्मा, दिनेश वर्मा, कैलाश चौधरी सहित गणमान्य नागरिक गण मौजूद थे। आभार शिक्षक शंकरलाल यादव ने माना।

### पूर्वजों की स्मृति में किया पौधारोपण



**बड़नगर।** द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने गीता में कहा कि वृक्षों में मैं पीपल हूं, पीपल प्राण वायु है अतः जीवन है। शास्त्र का आदेश है नदी किनारे, मंदिर, तप स्थल होता है और उस स्थान पर पीपल वृक्ष रोपित करने व उनकी सेवा करने से पितृ शांति होती है। उक्त शास्त्र का आदेश गुरु आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए खांडल विप्र समाज शाखा सभा ने अनंतश्री विभूषित जगतगुरु रामानुजाचार्य नागोरिया पीठाधीश्वर श्रीविष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज डीडवाना राजस्थान के शिष्यों ने लोक कल्याणार्थ रंग नायकी गोदांबा के प्राकट्य दिवस पर अपने पूर्वजों की स्मृति में चामला तटे शिवघाट पितृ वाटिका पर पीपल, कदम, नीम, आम के पौधों का अध्यक्ष पंडित रामनिवास नवहाल ने स्वस्ति वाचन कर सभी समाज जनों रोपित किया। साथी संकल्प लिया कि इन सभी पौधों को प्रतिदिन जाकर उनकी सेवा कर एक वट वृक्ष के रूप में सुशोभित करेंगे। श्रावण मास के शुभ अवसर पर समाज जन द्वारा कावड़ यात्रा निकालकर नवग्रह मंदिर स्थित भगवान महादेव का जलाभिषेक भी किया गया। शाखा सभा अध्यक्ष पंडित रामनिवास नवहाल ने कहा कि धार्मिक ,आध्यात्मिक स्थलों पर ओर भी समाज द्वारा वृक्ष रोपित किए जाएंगे। इस अवसर पर सत्यनारायण जोशी, गोवर्धन लाल जोशी, ओमप्रकाश जोशी, राकेश भाटीवाड़ा, लोकेश भाटीवाड़ा, राजेंद्र जोशी, राजेश जोशी, लक्ष्मीकांत चोटिया, नूतन जोशी, सरोज नवहाल, ऋतु भाटीवाड़ा, आनंद भाटीवाड़ा, श्याम चोटिया, सागर चोटिया आदि उपस्थित थे।

### नवांकुर सखियों की हरियाली यात्रा धूमधाम से निकली




**बड़नगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशानुसार नवांकुर सखियों की हरियाली यात्रा गांवों में धूमधाम से निकाली जा रही है। पर्यावरण को लेकर मुख्यमंत्री काफी सजग व सक्रिय है। आपने मां की बगिया के नाम से भी योजना शुरू की है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से महिलाओं को बीजरोपित थेलिया वितरित कर पर्यावरण से सीधा-सीधा जोड़ा जा रहा है। उक्त विचार ग्राम सुन्दराबाद में आयोजित हरियाली यात्रा के दौरान परिषद की विकासखंड समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय ने व्यक्त किए। इस अवसर पर सरपंच ज्योति पंड्या ने कहा कि महिलाएं प्रत्येक कार्य को गंभीरता से करती है। निश्चित रूप से सरकार की मंशानुसार पर्यावरण के क्षेत्र में भी महिलाएं नवांकुर सखियों के रूप में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेगी। संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अजय पंड्या ने कहा कि हरियाली से ही खुशीहाली का रास्ता तय होता है। सावन के महीने में सखियों को बेलपत्र के बीजरोपित थेलिया भेंट करना अनुकरणीय कार्य है। इन पौधों को महिलाएं बढ़ाकर किसी विशेष दिन सुरक्षित स्थान पर रोपित करेगी। नवांकुर सखियों की कलश यात्रा धूमधाम से नाचते गाते उत्साह से निकाली गई। नवांकुर संस्था से मुकेश शर्मा, इन्दरसिंह भाटी सहित ग्रामीणजन व मातृशक्ति विशेष रूप से उपस्थित रही। संचालन प्रस्फुटन समिति के सचिव दीपक पंड्या ने किया एवं आभार अध्यक्ष घनश्याम पंड्या ने व्यक्त किया।

## नगर में निकली शोभायात्रा, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया भव्य स्वागत

**नागदा। श्रावण मास के पावन अवसर पर नागदा नगर में श्री शिव महापुराण कथा का 27 जुलाई को भव्य शुभारंभ हुआ। ज्योति श्री गार्डन, महिदपुर रोड स्थित आयोजन स्थल पर प्रारंभ हुई सात दिवसीय संगीतमय कथा में श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कथा वाचक पं. संजय शर्मा के सुमधुर एवं भावपूर्ण वचनामृत से वातावरण शिवमय हो गया।**



कथा आरंभ से पूर्व प्रातःकाल नगर के श्रीराम जानकी मंदिर, पाल्या कला से कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। आकर्षक झांकियों, बैंड-बाजों और रथों के साथ नगरभर में भक्ति उल्लास की छटा छा गई। शोभायात्रा का नगरवासियों व संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी, जहां विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा, जलपान एवं स्वागत द्वारों से भावभीनी अगवानी की गई। जमुना चौक, दयानंद कॉलोनी, ओझा कॉलोनी सहित प्रमुख चौराहों पर आयोजन समिति का अभिनंदन किया गया। महिलाएं बड़ी संख्या में सर पर कलश लेकर लगभग 3 किलोमीटर पैदल चली इसके बाद कथा स्थल पर शोभायात्रा के विश्राम के साथ श्री शिव महापुराण का शुभारंभ हुआ। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में नगर एवं आसपास से श्रद्धालु पहुंचे। ज्योति श्री रिसोर्ट के संचालक संजय गुर्जर एवं परिवार तथा अन्य तिथियों द्वारा व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया गया, अतिथियों को केसरिया दुपट्टा पहन कर स्वागत किया गया।

### प्रथम दिवस की कथा

सृष्टि की उत्पत्ति व शिवलिंग की महिमा का वर्णन सुनाया- कथा वाचक पं. संजय शर्मा गौतम ने प्रथम दिवस में शिवमहापुराण की महिमा, सृष्टि रचना, ब्रह्मा-विष्णु विवाद, ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति एवं भगवान शिव की निराकारता जैसे अत्यंत प्रभावशाली प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। श्रद्धालु भावविभोर होकर नमः शिवाय के मंत्र में लीन हो गए।

## हजारों शासकीय स्कूलों के मरम्मत रखरखाव को नजरअंदाज करना उचित नहीं : चतुर्वेदी

**खाचरौद।** प्रदेश का हर शासकीय स्कूल नौ निहालो के उज्जवल भविष्य की एकमात्र आधारशिला है सरकार व विभाग की अनदेखी के चलते सरकारी स्कूलों की अत्यंत दयनीय स्थिति में होकर मरम्मत व रखरखाव के लिए प्रतिवर्ष जो बजट दिया जाता है।

वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। साथ ही लालफीताशाही व नौकरशाही की लचार व्यवस्था के चलते जारी बजट की राशि समय पर स्कूलों की मरम्मत व रख रखाव के लिए नहीं पहुंच पाती है। मप्र के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी ने छात्र हित में अनुरोध किया है कि जब शिक्षा जैसे पवित्र कार्य की आधारशिला ही जर्जर और असुरक्षित है। तो मजबूत भविष्य की इमारत कैसे खड़ी होगी, अपर्याप्त बजट और वह भी समय पर नहीं पहुंचता है और पहुंचता भी है तो आयाराम- गयाराम हो जाता है। बरहाल जो भी सुधार के लिए कोई ठोस और कड़े कदम उठाना होगा कि ताकि रख रखाव व मरम्मत के लिए आवंटित राशि का समय पर सदुपयोग हो खर्च का हिसाब ऑनलाइन हो साथ ही जारी राशि का वर्ष में एक बार स्वतंत्र एजेंसी द्वारा ऑडिट हो तभी जारी आवंटन की राशि का सही और समय पर उपयोग हो सकेगा।

चतुर्वेदी ने पत्र में इस ओर भी ध्यान दिलाया कि जर्जर स्कूल भवनों को लेकर छात्र और पालक गण काफी भयभीत है। गत दिनों झालावाड़ में हुई दर्दनाक घटना झकझोर देने वाली थी उस हादसे से भी मध्य प्रदेश सरकार और विभाग को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए ताकि दर्दनाक हादसों से बचा जा सके।

### कलाम साहब की पुण्यतिथि पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**उज्जैन।** कलाम सर्वधर्म सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जानसापुरा स्थित उम्मीद पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष एडवोकेट समीर खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि कलाम साहब का पूरा जीवन संघर्षों से भरा हुआ है आज भी उनके विचारों से छात्रों को प्रेरणा मिल रही है। इस मौके पर मुख्य अतिथि जीवाजीगंज थाने के प्रभारी विवेक कनोडिया एवं विशेष अतिथि सैयद मकसूद अली थे। कार्यक्रम में संस्था के सैयद मोहसिन अली, मुस्ताक हुसैन, बंटी शाह, इमरान खान, खोजेमा भाई चांदावाला उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इरफान राईन ने किया आभार उम्मीद पब्लिक स्कूल के संचालक अब्दुल मजीद खान ने माना।

## हॉट बाजार में कीचड़ और गड्ढों में भरा पानी

### सब्जी व अन्य सामान खरीदी में लोगों को हो रहीं परेशानी



**घट्टिया। तहसील मुख्यालय पर प्रति सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में सब्जी, कपड़े, मिर्च मसाले की दुकानें लगने के स्थान पर बरसात में भारी कीचड़ हो जाता है। जगह-जगह पानी के गड्ढे भरे हुए है जिससे सब्जी सहित अन्य खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों को कीचड़ में होकर खरीदारी करनी पड़ती है।**

दुकानदारों को भी दुकान लगाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सब्जी सहित अन्य सामान कीचड़ में लथपथ हो जाते हैं। माता बहने सहित ग्रामीण जन आसपास के 8-10 गांव के लोग भी घट्टिया में सब्जी खरीदने आते हैं लेकिन तहसील मुख्यालय होने के बाद भी बाजार की व्यवस्थाओं से परेशान होते है। लोगों को सुविधाओं की दरकार लेकिन प्रशासन सहित किसी का इस ओर ध्यान नहीं है। तहसील मुख्यालय होने के बाद भी हाट बाजार में व्यवस्थाओं का पूर्णतः अभाव है।

हाट बाजार में निर्मित दुकान नीलामी कर व्यापारियों को दे दी गई है, कुछ दुकान मंडी व नवोदय रोड पर लगाई जाती है जहां सड़क के दोनों और दुकान लग जाने से फोर व्हीलर-टू व्हीलर वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हाट बाजार में आवारा मवेशियों की भी भरमार रहती है।

हाट बाजार की इस दयनीय स्थिति व लोगों को हो रही परेशानी की ओर जिम्मेदारों का ध्यान कब जाता है यह देखना दिलचस्प होगा। सरपंच यशवंत मालवीय ने चर्चा में बताया कि हाट बाजार में पेवर ब्लॉक लगाना प्रस्तावित है लेकिन जनपद पंचायत के नवीन भवन का निर्माण होना है उन्हें कितनी जगह की आवश्यकता होगी यह स्थिति क्लीयर नहीं होने से पेवर ब्लॉक का काम रुका हुआ है।



## उपसर्गहर महापूजन का महा आयोजन संपन्न

**महिदपुर। चातुर्मास के अंतर्गत महिदपुर में चंदनबालाजी मसा ठाणा 5 का चातुर्मास चल रहा है। उपसर्गहर महापूजन का आयोजन चंदन बालाजी मसा की निश्रा में महत्वपूर्ण महापूजन श्री संघ के द्वारा रखा गया जिसमें 36 जोड़ों ने भाग लिया जिसमें मुख्य पीठिका पर बैठने का लाभ सरदारमल-शांताबाई, संदीपकुमार-मनीषा, विराट, प्रज्ञा चौपड़ा परिवार ने लिया।**

महापूजन पिंटू भाई क्रियाकारक, रूनिजा द्वारा उल्लासमय वातावरण में विधि-विधान से कराई गई। अभिषेक में 36 जोड़ों तथा समाज जनों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। शांति कलश के बाद समाज में महिला मंडल, बहू मंडल, युवक मंडल, बालिका मंडल तथा चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्रीपाल चौपड़ा आदि सभी ने नाचते-गाते भगवान को बदाया। उपसर्गहर स्तोत्र का महात्म्य ऊं ह्री श्रीं, अर्हं नमिऊण पास विसहर वसह जिण फुलिंग ह्रीं श्रीं नमः।

उपसर्गहर स्तोत्र 14 पूर्वधर आचार्य श्री भद्रबाहु स्वामी द्वारा रचित है। यह महान प्रभावशाली एवं उपसर्गहरण का मूल बीज मंत्र है। यदि कोई भीषण संकट आ जावे तो पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके, सबसे पहले- श्री भद्रबाहु स्वामिप्रसादात् एषः योगः फलतु-ऐसा कहें!

फिर ऊपर लिखे बीज मंत्र की एक माला पद्मासन लगाकर पूर्व या उत्तर की दिशा की ओर मुख करके फेरे और बाद में उवसर्गहर स्तोत्र 27 बार पढ़ें।

इस प्रकार 27 दिन तक निरंतर साधना करने से सब संकट दूर हो जाते हैं तथा सब प्रकार के आनंद, मंगल और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। 12500 जप करने से मंत्र सिद्ध होता है और सिद्ध मंत्र सभी कार्य सिद्ध करता है।

## दुर्गावाहिनी मातृशक्ति द्वारा निकाली विशाल कावड़ यात्रा

**महिदपुर। मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की कावड़ यात्रा रविवार को श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए ढोल धमाके के साथ बैजनाथ स्थित धनवंतरी महादेव मंदिर पहुंची जहां मातृ शक्ति द्वारा भोलेनाथ और मां पार्वती का जलाभिषेक किया गया।**



मातृ शक्ति द्वारा भजनों की धुन पर पैदल यात्रा सर पर कलश लेकर जल भरकर प्रस्थान किया गया। कावड़ यात्रा संचालिका रजनी गुलाटी ने बताया कि यह कावड़ यात्रा का चतुर्थ वर्ष है एवं यह भी बताया गया की कावड़ यात्रा में लगभग 800 से 900 मातृशक्ति उपस्थित हुई है।

कावड़ यात्रा का भारत विकास परिषद पंजाबी समाज, गौरिक दूध सुभाष ठाकुर, प्रताप सिंह आर्य, विधायक दिनेश जैन बोस, सर्व ब्राह्मण समाज, हिंदू उत्सव समिति संजय व्यास, राष्ट्रीय सेवक संघ भीमा खेड़ा माली समाज, विजय सिंह गौतम एवं अन्य सामाजिक संगठन द्वारा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

मातृशक्ति के लिए जलपान भी वितरित किया गया। यात्रा में भोलेनाथ मां पार्वती की झांकी बग्गी में विराजित होकर आकर्षण का केंद्र रही। कावड़ यात्रा में सरोज पोरवाल, रेखा व्यास, ऐश्वर्या ठाकुर, प्रभा शर्मा, सोनू शर्मा, कनक चैबे, रेखा चैबे शीला चैबे, नेहा शर्मा, दीप्ति मल्होत्रा, नम्रता टक्कर, मुक्तिका शर्मा, मधु सोनी, चंचल गुलाटी, शीतल व्यास, किरण बैरागी, चंद्रकांता पाठक, पुष्पा सोलंकी आदि मातृ शक्ति का कावड़ यात्रा के आयोजन में सहयोग रह। उक्तजानकारी जिला सहसंयोजिका सरोज पोरवाल द्वारा दी गई।

## रिमझिम बारिशों में निकले पातालेश्वर महादेव नगर भ्रमण पर

**बड़नगर। श्री गुजराती रामी माली समाज द्वारा पातालेश्वर महादेव की पालकी निकाली। उस में भगवान पातालेश्वर महादेव विराज मान थे।** ढोल धमाके बैंड बाजे के साथ निकली पातालेश्वर महादेव की पालकी के आगे बालिकाएं एक समान वस्त्र पहनकर चल रही थी। भजनों की धुन पर युवा नृत्य कर रहे थे। यात्रा में हनुमान, जामवंत और अनेक स्वरूप धारण किए लोग थे। पालकी के साथ सैकड़ों श्रद्धालु हर हर महादेव, जय महाकाल के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पालकी रामी माली मंदिर चौक से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख



मार्गों से होते हुए जूना शहर, पंचवटी, डाबरी चौक, धान मंडी, गांधी चौक, आजाद चौक, कालिदास, पथ, एमपी चौक, शांतिनिकेतन से पुनः मंदिर पर पहुंची। जहां आरती के बाद महाप्रसादी बाटी गई।

**श्रद्धांजलि** शोर्य की प्रतिमूर्ति माता फूलन देवी के शोर्य को याद कर शहादत दिवस मनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई

## सामाजिक जागरुकता व महापुरुषों के जीवनी से संबंधित सामाजिक जागरण हेतु 55 पुस्तकें भेंट

**महिदपुर। 25 जुलाई को बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति महिदपुर द्वारा डॉक्टर अंबेडकर मांगलिक भवन नारायणा रोड महिदपुर में शोर्य की प्रतिमूर्ति माता फूलन देवी के शोर्य को याद कर शहादत दिवस मनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी समाजसेवियों ने माता फूलन देवी के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला।**



श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अंत में समिति पदाधिकारीयों द्वारा एक प्रस्ताव पारित किया और निर्णय लिया कि डॉक्टर अंबेडकर भवन में 15 अगस्त से प्रतिदिन वाचनालय प्रारंभ किया जाए। इस पर जेके मालवीय द्वारा सामाजिक जागरुकता और महापुरुषों के जीवनी से संबंधित 55 पुस्तकों को समिति उपाध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी को प्रदान की। इस अवसर पर कुंवर सलोनी परमार, जमनालाल परिहार, डॉ. दिनेश कुमार राठौर, डॉ. जगदीश परमार, बालूसिंह अहिरवार, रामचंद्र जोगचंद, आसाराम गेहलोत, नगजीलाल परिहार, नरेंद्रभाई परमार, अध्यापक बगदिरामजी परमार, यशराज परमार आदि उपस्थित रहे।